## महत्वपूर्ण एवं खास

### ग्राम पंचायत सचिव बिसीकेशन बरिहा निलंबित

**रायगढ़।** जिला पंचायत रायगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अबिनाश मिश्रा ने जनपद पंचायत सारंगढ़ ग्राम पंचायत बटाऊपाली-ब के पंचायत सचिव बिसीकेशन बरिहा को स्थानांतरण फलस्वरूप ग्राम पंचायत बोईरडीह को संपूर्ण प्रभार नहीं सौंपने, जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक में बिना पूर्व सूचना के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने, मुख्यालय पंचायत में निवास नहीं करने, अपने पदीय कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने तथा उच्चाधिकारियों के आदेश-निर्देशों का पालन नहीं करने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत सारंगढ़ निर्धारित किया गया है।

### त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन /नगर पालिका निर्वाचन हेतु के.माचियों प्रेक्षक नियुक्त

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन/नगर पालिका निर्वाचन-2022 हेतु रायगढ़ जिले के लिए के.माचियो(2006)प्रभारी मुख्य वन संरक्षक (सत.शिका.)छ.ग.नवा रायपुर अटल नगर को प्रेक्षण कार्य हेतु प्रेक्षक नियुक्त किया जाकर आवश्यक समस्त सुविधा उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के पालन में तथा प्रेक्षक के निर्देशानुसार प्रभारी रेंजर वनमंडल रायगढ़ हेमलाल जायसवाल मोबा.98274-87441 को लाइजनिंग आफिसर नियुक्त किया गया है। उप निर्वाचन हेतु नगर पालिक निगम वार्ड क्रमांक 27 के पार्षद एवं रायगढ़ जिला अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन विकासखण्ड धरमजयगढ़, खरसिया, लैलूंगा, तमनार, रायगढ़ एवं पुसौर शामिल है।

### तेज रफ्तार कार और ट्रक के बीच जोरदार भिड़ंत, चालक की दर्दनाक मौत

**रायगढ़ (आरएनएस)।** जिले में लगातार सडक़ हादसों में लोग अपनी जान गवा रहे है, वहीँ गुरुवार को फिर एक दर्दनाक हादसे में कार सवार युवक की जान चले गई है। मामला जुट मिल थाना क्षेत्र का है। दरअसल गुरुवार की दोपहर उड़ीसा नेशनल हाईवे में झलमला के पास तेज रफ़्तार कार और ट्रक के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी की कार चालक की दर्दनाक मौके पर ही मौत हो गई। मृतक का शव कार में बुरी तरह फसा रहा। वहीँ हादसे की सुचना मिलते ही जूट मिल पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को पंचनामा के लिए अस्पताल पंहुचा कर मामले की जांच कर रही है।

### गौरव दिवस के अवसर पर जनसंपर्क विभाग द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 17 दिसंबर 2022 को छत्तीसगढ़ गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जनसंपर्क विभाग द्वारा इस अवसर पर स्लोगन प्रतियोगिता, फोटोग्राफी प्रतियोगिता एवं रील प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति https://www.cgmodel.in पर 5 जनवरी 2023 तक अपनी प्रविष्टियां भेज सकते हैं। इच्छुक प्रतिभागी विभाग द्वारा तय किए गए विषयों जैसे पर्यटन, प्रकृति, आर्किटेक्चर, जन-सुविधाएं, स्वच्छता, शिक्षा, त्यौहार-परम्पराएं, विकास कार्य और शासकीय योजनायों पर इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।

### गौण खनिज के अवैध परिवहन के मामले में कार्यवाही : तीन ट्रैक्टर, तीन टिप्पर और एक हाईवा जब्त

**जगदलपुर (आरएनएस)।** कलेक्टर चंदन कुमार द्वारा दिए गए गौण खनिजों के अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने के निर्देश पर कार्यवाही करते हुए शुक्रवार को खनिज विभाग द्वारा कार्यवाही करते हुए तीन ट्रैक्टर, तीन टिप्पर और एक हाईवा को जब्त करते हुए पुलिस के सुपुर्द कर दिया। खनि विभाग के उप संचालक एसएस नाग ने बताया कि यह कार्यवाही पुराना पुल जगदलपुर, बंडाजी, भानपुरी और कोड़ेनार में रेत, चूनापत्थर का अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने पर प्रकरण दर्ज किया गया। पकड़े गए सभी वाहनों को पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया गया है। कार्यवाही जिला खनिज जांच दल के खनि निरीक्षक मिदुल गुहा, खनि सिपाही डिकेश्वर खरे द्वारा किया गया।

# रिपोर्ट के चंद घंटे के भीतर चोरी हुए कार के साथ पकड़े गए तीन आरोपी

**❐ शोरूम का मेंटेनेंस सुपरवाइजर व सिक्योरिटी इंचार्ज समेत तीन आरोपी गिरफ्तार**

**❐ सर्विसिंग सेंटर के सीसीटीवी कैमरे बंद कर चोरी कर ले गए थे यार्ड में खड़ी गाड़ी**



**रायगढ़।** जिले के थाना कोतरारोड़ अंतर्गत भगवानपुर स्थित हुंडई शोरूम में सर्विसिंग के लिए आई हुंडई ग्रैंड आई 10 कार को बीते 21 दिसंबर की रात्रि अज्ञात चोर सर्विसिंग यार्ड से चोरी कर ले गये थे, शातिर आरोपियों द्वारा सीसीटीवी कैमरे की नजर से बचने सुनियोजित तरीके से शोरूम तथा सर्विसिंग सेंटर में लगे सीसीटीवी ऑफ कर गाड़ी को यार्ड से चोरी करना प्रारंभिक जांच में पता चला जिस पर थाना प्रभारी कोतरारोड़ उपनिरीक्षक गिरधारी साव ने एसपी अभिषेक मीणा तथा एडिशनल एसपी संजय महादेवा के दिशा निर्देशन तथा कुशल मार्गदर्शन पर मुखबीर लगाकर त्वरित कार्यवाही करते हुए शोरूम के मेंटेनेंस सुपरवाइजर आरोपी अंकित गुप्ता को हिरासत में लिया गया जिससे पूछताछ कर चोरी गई कार को बरामद किया गया है। चोरी के इस खेल में आरोपी अंकित गुप्ता के साथ सर्विस सेंटर का सिक्योरिटी इंचार्ज तथा आरोपी अंकित गुप्ता का दोस्त भी इंवॉल्व थे जिन्हें गिरफ्तार कर चोरी के अपराध में न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार कल 22 दिसंबर को भगवानपुर स्थित हुंडई शोरूम के सर्विस सेंटर मैनेजर शेख मोहम्मद अताउल्लाह निवासी भानु प्रताप कॉलोनी मधुबन पारा थाना सिटी कोतवाली रायगढ़ द्वारा थाना कोतरारोड़ में वाहन चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि शोरूम में 21 नवंबर को एक हुंडई ग्रैंड आई- 10 स्पोर्ट सीजी 13 ए.सी 1521 सर्विस के लिए आई थी जो अन्य गाड़ियों के साथ यार्ड में खड़ी थी। कल सर्विस सेंटर के कर्मचारियों का ध्यान आई- 10 कार पर गया तो यार्ड से गाड़ी गायब थी। सर्विस मैनेजर तुरंत अपने उच्च अधिकारियों को बताकर थाने रिपोर्ट करने पहुंचा। थाना कोतरारोड़ में पुलिस अज्ञात आरोपी के विरुद्ध वाहन चोरी का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

थाना प्रभारी कोतरारोड़ उपनिरीक्षक गिरधारी साव द्वारा पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को सर्विसिंग सेंटर से वाहन चोरी से अवगत करा कर उनके मार्गदर्शन पर चोरी गए वाहन की पतासाजी में जुट गए। प्रारंभिक जांच में ही थाना प्रभारी सर्विस सेंटर में कार्यरत सभी स्टाफ को संदेह पर रखते हुए उनकी गतिविधियों के संबंध में जानकारी जुटाये, जानकारी में पता चला कि मेंटेनेंस सुपरवाइजर अंकित गुप्ता निवासी आमगांव थाना तमनार का दोस्त जो उसी के गांव में रहता है गोवर्धन सेठ का नियमित रायगढ़ आना जाना है और चोरी की घटना दिनांक को भी जिसे क्षेत्र में देखा गया है। थाना प्रभारी उप निरीक्षक गिरधारी साव के नेतृत्व में कोतरारोड़ पुलिस द्वारा तत्काल अंकित गुप्ता को हिरासत में लिया गया जिससे कड़ी पूछताछ करने पर उसने अपने साथियों के साथ यार्ड से वाहन चोरी करना कबूल कर घटना का वृतांत बताया।

आरोपी अंकित गुप्ता बताया कि उसने अपने साथी गोवर्धन सेठ और सर्विस सेंटर के सिक्योरिटी इंचार्ज योगेश दास महंत को वाहन चोरी का प्लान बताया, जिसमें तीनों राजी हो गये। सिक्योरिटी इंचार्ज योगेश दास महंत वाहन चोरी में साथ देने के एवज में रु.30,000 लिया और उसी ने घटना दिनांक को शोरूम, सर्विसिंग सेंटर की ओर लगे सीसीटीवी कैमरे ऑफ कर गोवर्धन सेठ को हुंडई कार यार्ड से पार करने में मदद किया जिसके बाद तीनों वाहन में बैठकर वाहन चोरी कर भाग गए थे। कोतरारोड़ पुलिस तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से चोरी गई वाहन हुंडई ग्रैंड आई- 10 स्पोर्ट कार सीजी 13 ए.सी 1521 कीमत रु.5,00,000। जप्त कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। कोतरारोड़ पुलिस की त्वरित कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतरारोड़ उपनिरीक्षक गिरधारी साव, सहायक उपनिरीक्षक कुसुम कैवर्त, प्रधान आरक्षक करुणेश राय, आरक्षक संजीव पटेल तथा साइबर सेल के आरक्षक प्रशांत पंडा की विशेष भूमिका रही है।

**गिरफ्तार आरोपी-** 1. अंकित गुप्ता पिता चेतन गुप्ता उम्र 19 साल निवासी आमगांव थाना तमनार (शोरूम मेंटेनेंस सुपरवाइजर) 2. गोवर्धन सेठ पिता टूबुर्ज सेठ उम्र 23 वर्ष निवासी आमगांव थाना तमनार (आरोपी अंकित गुप्ता का दोस्त)

3. योगेश दास महंत पिता लोटिक दास महंत उम्र 23 साल निवासी छुहीपाली थाना डभरा जिला सक्ती, छत्तीसगढ़ (शोरूम सिक्योरिटी इंचार्ज)

## छत्तीसगढ़ में इलेक्ट्रिक वाहन को बढ़ावा देने वाहन के मूल्य का 10 प्रतिशत सब्सिडी : परिवहन मंत्री

**❐ परिवहन मंत्री ने इलेक्ट्रिक वाहन नीति के तहत 404 हितग्राहियों को 80 लाख से अधिक की सब्सिडी राशि का किया वितरण**

**रायपुर (आरएनएस)।** परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर ने आज इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2022 के तहत राज्य भर के 404 हितग्राहियों को 80 लाख 37 हजार 128 रूपए की राशि के सब्सिडी का वितरण किया। उन्होंने इसका वितरण कर हितग्राहियों को बधाई दी और कहा कि छत्तीसगढ़ में इलेक्ट्रिक वाहन को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप हर संभव पहल की जा रही है।

परिवहन मंत्री अकबर ने इस अवसर पर बताया कि कोई भी व्यक्ति जो इलेक्ट्रिक व्हीकल खरीदता है, वह राज्य शासन से सब्सिडी प्राप्त कर सकता है। इसके लिए वाहन विक्रेता डीलर को अपना अकाउंट नंबर और आईएफ़एस कोड देना होगा। वाहन के मूल्य का 10 प्रतिशत जो अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक हो सकता है इलेक्ट्रिक वाहन क्रेता के खाते में परिवहन विभाग द्वारा सीधे हस्तांतरित किए जाएँगे। इस अवसर पर सचिव परिवहन एस. प्रकाश, परिवहन आयुक्त दीपांशु काबरा, संयुक्त परिवहन आयुक्त वेदव्रत सिरमौर, आरटीओ रायपुर शैलाभ साहू तथा साइंटिस्ट अमित देवांगन उपस्थित थे।

परिवहन मंत्री अकबर ने कहा कि वर्तमान में वायु प्रदूषण की वैश्विक समस्या के मद्देनजर अधिक से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की सख्त जरूरत है। इसके मद्देनजर छत्तीसगढ़ में इलेक्ट्रिक वाहनों से संबंधी मिशन को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा हर संभव मदद उपलब्ध कराई जा रही है। इस तारतम्य में ग्राहकों को इलेक्ट्रिक वाहन की ओर आकर्षित करने के लिए सब्सिडी का वितरण किया जा रहा है, जो निरंतर जारी रहेगा। परिवहन मंत्री अकबर ने आगे बताया कि छत्तीसगढ़ में वाहनों के संचालन हेतु पेट्रोल तथा डीजल का उपयोग किया जा रहा है। जिसकी पूर्ति के लिए अन्य देशों पर निर्भरता बनी हुई है तथा समय के साथ लगातार इनके मूल्यों में भी वृद्धि हो रही है। ऐसी स्थिति में इलेक्ट्रिक वाहन एक अच्छे विकल्प के रूप में उभर कर आया है। इसे हमें अधिक से अधिक अपनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहन देने के लिए लोगों को विभिन्न सुविधाएं तथा आवश्यक मदद पहुंचाई जा रही है।

## नगरीय निकाय उप निर्वाचन: वार्ड क्रमांक 27 के सीमा क्षेत्र में रहने वाले समस्त लायसेंसियों को जमा करना होगा पुलिस स्टेशन में अपना अस्त्र-शस्त्र




**रायगढ़।** नगर पालिक निगम रायगढ़ के वार्ड क्रमांक 27 जिसका उप निर्वाचन 9 जनवरी 2023 को मतदान एवं 12 जनवरी 2023 को मतगणना होना है। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रायगढ़ ने एक आदेश जारी किया है कि लोक शांति की सुरक्षा हेतु सीमित अवधि के लिए नगर पालिक निगम रायगढ़ के वार्ड क्रमांक 27 में आग्नेय अस्त्र लायसेंसियों से जमा करवा लेना आवश्यक है। ताकि चुनाव प्रक्रिया के दौरान भय एवं आतंक का वातावरण न हो सके तथा इन अस्त्रों का दुरूपयोग होने से रोका जा सके। अत:आयुध अधिनियम 1959 की धारा 17 उपधारा (3)के उप क्लाज (बी), धारा-21 के तहत नगर पालिक निगम रायगढ़ के वार्ड क्रमांक 27 के सीमा क्षेत्र के भीतर रहने वाले समस्त शस्त्र लायसेंसियों को आदेशित किया गया है कि वे अपने-अपने आग्नेय अस्त्र-शस्त्र नजदीकी पुलिस स्टेशन में 7 दिवस के अंदर जमा करायें, इसके अतिरिक्त लायसेंस अपने शस्त्र रायपुर नगर के शस्त्र डीलर, जिनके पास शस्त्र डिपोजिट करने अनुज्ञप्ति है, वहां भी जमा करा सकते है। जो व्यक्ति शस्त्र डीलर के पास शस्त्र जमा करते है, उसकी सूचना भी संबंधित थाने में प्रदान करेंगे। संबंधित शस्त्र थानेवार जानकारी तैयार कर संबंधित थाने एवं जिला दण्डाधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करेगा।

यह आदेश जिले में निवासरत बाहर के जिले से आये लायसेंस पर भी लागू होगा। सभी लायसेंसी आचार संहिता समाप्त होने के उपरांत अपने अस्त्र-शस्त्र वापस प्राप्त कर सकेंगे। इस हेतु गठित जिला कमेटी द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार इस आदेश के समस्त मान्यता प्राप्त बैंकों के सुरक्षा गार्ड/वित्तीय संस्थाओं के सुरक्षा गार्ड, संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्ति, राष्ट्रीय रायफल संघ व जिला रायफल संघ तथा इस जिले के औद्योगिक संस्थानों, शैक्षणिक संस्थानों एवं महत्वपूर्ण शासकीय संस्थानों के सुरक्षा हेतु तैनात सुरक्षा गार्ड मुक्त रहेंगे। ऐसे अनुज्ञप्तिधारी व्यक्ति, जिनके पास सुरक्षा के लिहाज से शस्त्र होना अति आवश्यक है, अनुज्ञप्तिधारी के आवेदन पर कमेटी द्वारा विचार उपरांत इस आदेश से मुक्त रखने अथवा नहीं रखने के संबंध में निर्णय लिया जा सकेगा। जिला कमेटी को दिए जाने वाले आवेदन, इस आदेश के जारी होने के 7 दिवस के भीतर कलेक्ट्रेट रायपुर के कक्ष क्रमांक 17 में लायसेंस शाखा में दिया जा सकेगा। इस कंडिका में उल्लेखित वे सभी अनुज्ञप्तिधारी, जिन्हें इस आदेश से मुक्त रखा गया है, को भी अपने अस्त्र-शस्त्र की सूचना संबंधित थाने में आवश्यक रूप से तत्काल देनी होगी तथा अपने अस्त्र बिना थाना प्रभारी की अनुमति के अपने परिसर की सीमा क्षेत्र से बाहर नहीं ले जा सकेंगे। निर्वाचन प्रक्रिया के समाप्ति तक के लिए रायपुर जिला सीमा क्षेत्र के भीतर रहने वाले शस्त्र लायसेंसियों के शस्त्र लायसेंस निलंबित किए जाते है। संबंधित थाना प्रभारी एवं संबंधित शस्त्र डीलर यह सुनिश्चित करेंगे कि इस तरह जमा किए जाने वाले शस्त्र का उचित रूप से पंजी बनाकर उसमें जमा किये जाने वाले शस्त्रों का इंद्राज करेंगे और शस्त्र जमा करने वालों को इस संबंध में पावती देंगे। जमा कराये गये शस्त्रों को समुचित रूप से अपने अभिरक्षा में सुरक्षित रखेंगे एवं निर्वाचन प्रक्रिया के समाप्ति के पश्चात एक सप्ताह के अंदर संबंधित अनुज्ञप्तिधारियों को शस्त्र लौटाना सुनिश्चित करेंगे।

## सुशासन सप्ताह के तहत जिला कलेक्ट्रेट परिसर के सभाकक्ष में आयोजित हुई कार्यशाला

**❐ कार्यशाला में विभागों के प्रमुख अधिकारियों ने शासन की योजनाओं की दी जानकारी**



**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** भारत सरकार, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के निर्देशानुसार जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज 'सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर' इस थीम पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने किया। गौरतलब है कि भारत के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के अनुरूप नागरिक-केंद्रित शासन को बढ़ावा देने और सेवा वितरण में सुधार लाने में भारत सरकार के द्वारा 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक 'सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर' मनाया जा रहा है। इसी क्रम में आयोजित कार्यशाला में विभिन्न विभागों से प्राप्त शिकायतों और शिकायतों के निवारण की जानकारियां दी गई। इसके अलावा सभी विभाग के अधिकारियों ने जिले के बेहतर विकास के लिए अपने विचार व्यक्त किये। शासन की योजनाओं का चाहे वह ग्राम, तहसील या जिले स्तर पर हो, उन योजनाओं से लाभान्वित होने का जो वास्तविक हकदार है, उस व्यक्ति तक सही समय पर उन योजनाओं की जानकारी पहुंचे और इसके लिए प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने की बात कही गई।

'प्रशासन गाँव की ओर' थीम के अंतर्गत जिले में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से नागरिक सुविधाओं में सुधार लाने की कवायद जारी है। कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी के निर्देशन में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजनांतर्गत गोठान म गोठ का सफल आयोजन किया गया, इसमें समस्त गोठानों में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने हेतु आजीविका के विकल्पों पर चर्चा, गोबर एकत्रण एवं वर्मी खाद का निर्माण, कुपोषण दूर करने हेतु मुख्यमंत्री सुपोषण योजना, स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल कैम्प में विभिन्न प्रकार की जांच, पशु टीकाकरण एवं फल एवं सब्जी क्षेत्र विस्तार करने एवं प्रशिक्षण इन विषयों पर चर्चा की गई। इसके अलावा जिले में लंबित राजस्व मामलों के निराकरण हेतु राजस्व शिविर का आयोजन किया गया जिसके तहत राजस्व प्रकरणों के नामांतरण/बंटवारा आरबीसी 6-4 द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका/रिकार्ड दुरुस्ती/सीमांकन/आय/जाति/निवास प्रमाण पत्रों एवं अन्य आवेदन पत्र प्राप्त कर शिविर में निराकरण किये जाने योग्य आवेदनों का शिविर में निराकरण किया गया। इसके अलावा जिले में 6 वर्ष तक के बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। इस संबंध में आंगनबाड़ी के माध्यम से गांव में मुनादी की गई और इस शिविर में 6 वर्ष तक के बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनवाया गया। शिविर में संबंधित पटवारी के माध्यम से आवेदन एकत्रित किए गये और प्राप्त आवेदनों में जिनके दस्तावेज सटीक और पूर्ण पाए गये, परीक्षण उपरांत उन्हें स्थायी जाति प्रमाण जारी करने की प्रक्रिया पूरी की गई। जिले स्तर पर आयोजित इस शिविर का आयोजन इसलिए किया गया ताकि बच्चों को जल्द से जल्द जाति प्रमाण पत्र की सुविधा मिल सके।

सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर अंतर्गत सप्ताह भर चलने वाले इस कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर के निर्देशानुसार जन शिकायतों के समाधान और बेहतर सेवा वितरण में सुधार के लिए तहसील और पंचायत समिति द्वारा विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन सप्ताह प्रशासनिक सुधार एवं शासन के मंशा अनुरूप सभी जन कल्याणकारी कार्यों का समय-सीमा में क्रियान्वयन/निराकरण किये जाने के उद्धेश्य से मनाया जा रहा है।

## नो पार्किंग पर गाड़ी खड़ी करने वाले 500 से अधिक वाहन चालकों पर हुई कार्यवाई

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर की यातायात व्यवस्था को सुगम सुरक्षित बनाए रखने के लिए नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर प्रभावी कार्यवाही के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला रायपुर प्रशांत अग्रवाल के निर्देशन पर एसबीआई बैंक द्वारा यातायात पुलिस रायपुर को 50 नग डिजिटल हाईटेक डिवाइस मशीन उपलब्ध कराया गया है, जिसमें नो पार्किंग में खड़ी वाहनों के विरुद्ध चस्पा चालान एवं ई चालान कार्यवाही की सुविधा दी गई है। उक्त हाईटेक ई चालान मशीन में विगत तीन दिनों से लगातार उल्लंघनकर्ता वाहन चालको के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही किया जा रहा है।

बता दे कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला रायपुर प्रशांत अग्रवाल के निर्देशन पर को यातायात पुलिस रायपुर को 50 नग हाइटेक डिजिटल ई-चालान डिवाइस उपलब्ध कराया गया है, जिसमें वाहन चालकों की सुविधा को देखते हुए क्रेडिट, डेबिट एवं क्यूआर कोड के माध्यम से चालान पटाने की सुविधा दी गई है। साथ ही नो पार्किंग पर खड़ी वाहनों के विरुद्ध मौके पर ही कार्यवाही किए जाने के लिए सुविधा दी गई है। जिसमें वाहन का फोटो खींचकर चस्पा चालान कार्यवाही करने पर तत्काल वाहन चालक के रजिस्टर मोबाइल नंबर पर लिंक मैसेज चला जाएगा, जिससे वाहन चालक अपना चालान तत्काल मौके पर ही ऑनलाइन पटा सकता है। उक्त डिवाइस से शहर के प्रमुख मार्गो एवं बाजार क्षेत्रों पर यातायात को बाधित कर नो पार्किंग पर खड़ी वाहनों के खिलाफ कार्यवाही किया जा रहा है। विगत 03 दिनों के भीतर 500 से अधिक उल्लंघनकर्ताओं पर नो पार्किंग के तहत कार्यवाही की गई।

# समाधान शिविर में 6735 प्राप्त आवेदनों में से 5919 आवेदनों का हुआ निराकरण

**❐ मेगा हेल्थ कैंप के माध्यम से 1232 मरीज हुए लाभान्वित**

**❐ लोईंग में आयोजित हुआ वृहद समाधान शिविर**

**❐ शासन की योजनाओं से लाभान्वित होकर आर्थिक रूप से महिलाएं हो रही सशक्त-जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल**



**रायगढ़।** जिले में 'सरकार तुंहर द्वार' कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसके तहत वृहद समस्या समाधान शिविर एवं मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया जा रहा है, इसी क्रम में आज विकासखंड रायगढ़ के ग्राम लोईंग में समाधान शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अथिति अध्यक्ष जिला पंचायत निराकर पटेल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जब से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य शासन की कमान संभाली है, तब से सभी वर्ग चाहे वो ग्रामीण हो या शहरी सभी के लिए योजनाएं बनाई है। इसके साथ ही राज्य के पारंपरिक खेल, त्यौहार, परंपरा को सम्मान के साथ आगे बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा की जिला प्रशासन द्वारा लोगों के लिए विकासखंडों में वृहद समाधान शिविर आयोजित की जा रही है जिसका लाभ लोगों को मिल रहा है। इसके साथ ही युवा मितान क्लब और गोठानों के माध्यम से युवाओं और महिलाओं ने अपने कार्यों के माध्यम से अलग पहचान बनाई है। जो महिलाएं घर तक सीमित थी, वो आज शासन की योजनाओं से प्रेरित होकर आय मूलक गतिविधियां संचालित कर आर्थिक रूप से मजबूत हो रही है। वृहद समाधान शिविर में जिला स्तरीय अधिकारी विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान योजनाओं से लाभान्वित कर रहे है। उन्होंने सभी को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में जांच व उपचार कराकर शिविर का लाभ उठाने हेतु आग्रह किया। आज के शिविर को सफल बनने में स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस दौरान उन्होंने शिविर में लगे विभागीय स्टालों का भ्रमण कर योजनाओं की जानकारी ली एवं जनसामान्य से चर्चा की। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा भी उपस्थित रहे।

समाधान शिविर में 6735 मांग एवं शिकायतों से संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर 5919 आवेदनों का निराकरण किया गया। जिसमें स्वास्थ्य शिविर में 1232 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें से 53 मरीजों को रिफर के लिए चिन्हांकित किया गया। समाधान शिविर में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक, आदिवासी विकास विभाग, राजस्व विभाग, रेशम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खाद्य विभाग, उद्यानिकी, शिक्षा, वन एवं जलवायु परिर्वतन, विद्युत विभाग, जल संसाधन, परिवहन, कृषि, मछली पालन, पशुधन समाज कल्याण, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग सहित अन्य विभागों ने अपने विभाग से संबंधित योजनाओं के स्टाल लगाये थे। जिसमें उन्होंने जनसामान्य को विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की जानकारी प्रदान किए।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य संगीता गुप्ता, जनपद अध्यक्ष भूमिसुता चौहान, जनपद सदस्य पदमिनी मेहर, अशोक निषाद, सरपंच लोईंग सूरत पटेल, सनत नायक, दिलेश्वरी साव, भारती मेहर, एसडीएम गगन शर्मा, जनपद सीईओ रूपेन्द्र पटेल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजन पैंकरा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य शिविर में 1232 मरीज हुए लाभान्वित

सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर ने बताया कि मेगा हेल्थ कैंप के माध्यम से आज कुल 1232 मरीज लाभान्वित हुए है। इनमें अस्थि रोग के 121, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत 24, दंत रोग के 43, मेडिसीन के 119, सर्जरी के 12, स्त्री रोग 30, नेत्र रोग 108, शिशु रोग के 31, नाक, कान एवं गला के 47, चर्मरोग के 37, आयुर्वेद के 230, सामान्य मरीज378, मनोरोग के 21, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के 24 एवं 31 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480